आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 17.11.2024

समय 7:20

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग को 352 नई ए०एन०एम मिली। नियुक्ति से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।
- राजधानी देहरादून में रात ग्यारह बजे के बाद कोई भी बार, पब, क्लब संचालित नहीं होगा।
- केदारनाथ उपचुनाव के लिए राजनैतिक पार्टियों का चुनावी सभा और रैलियों का दौर चरम पर।
- उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे परियोजना स्थल खरसाली में निर्माण कार्य शुरू हो गया।
- इस वर्ष की चार धाम यात्रा का आज अंतिम दिन है। रात 9 बजकर 7 मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल में श्रद्धालुओं के लिए बंद किये जाएंगे।

एएनएम

प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग को 352 नई ए०एन०एम मिली हैं। उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तहत स्वास्थ्य ए०एन०एम के रिक्त 391 पदों पर अंतिम परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत चयन बोर्ड ने 31 पदों पर चयन परिणाम उच्च न्यायालय में दायर याचिका के चलते रोक दिया है। उन्होंने कहा कि एएनएम की नियुक्ति से राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

पब और बार

देहरादून में रात ग्यारह बजे के बाद कोई भी बार, पब, क्लब संचालित नहीं होगा। जिलाधिकारी सविन बंसल ने रात में नशे के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर यह निर्णय लिया है। उन्होंने सप्ताह के अंत में एक घंटा अतिरिक्त बार संचालन की

अनुमति की वर्षों पुरानी प्रथा को देहरादून से समाप्त कर दिया है। जिलाधिकारी ने कहा है कि रात ग्यारह बजे के बाद बार, पब और क्लब के संचालन के उल्लंघन पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

इस बीच, जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद आबकारी सचिव ने देहरादून–मसूरी रोड स्थित एक नामचीन होटल के बार का 24 घंटे का लाइसेंस निरस्त कर उसे घटाकर 12 घंटे कर दिया है।

## सड़क सुरक्षा

राजधानी देहरादून में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रभावी उपाय किए जा रहे हैं। इसके लिए जिलाधिकारी सविन बंसल ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली, और संबंधित अधिकारियों को युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा सुधारीकरण और दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने वाले उपायों के लिए 30 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की जानकारी के साथ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभागों से एक सप्ताह के अंदर सुधारीकरण का प्रस्ताव मांगा है।

## मानव वन्यजीव संघर्ष

मानव वन्यजीव संघर्ष की गंभीर समस्या पर नई टिहरी में मानव वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण कार्यशाला के तहत जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्रों में गुलदार, सूअर, बंदरों, भालू, सांप जैसे कई तरह के जंगली जानवरों से मानव और कृषि को हो रहे नुकसान की बात रखी। उन्होंने ततैया के काटने से हो रही मृत्यु दर वृद्धि को गम्भीरता से लेने और बंदरों का बाधियाकरण करवाए जाने की मांग की। इसके साथ ही लावारिस पशुओं से हो रहे नुकसान की भरपाई और लोगों की सुरक्षा की मांग भी की गई। इस कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी पुनीत तोमर ने मानव–वन्यजीव संघर्ष के कारणों और इस तरह की घटनाओं को रोकने की जानकारी दी।

वहीं कार्यशाला में मौजूद जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि किसी भी घटना में मानव की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए।

## उपचुनाव

केदारनाथ उपचुनाव के लिए राजनैतिक पार्टियों का चुनावी सभा और रैलियों का दौर चरम पर है। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी आशा नौटियाल के समर्थन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य

बड़े नेता और कार्यकर्ता रुद्रप्रयाग पहुंच रहे हैं। चोपता में आशा नौटियाल के समर्थन में मुख्यमंत्री ने कल दो जन सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सनातन धर्म पर हमेशा सवाल खड़ी करने वाली कांग्रेस अब चुनाव के समय जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर केदारनाथ धाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

इस बीच, कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत विभिन्न स्थानों पर जन संपर्क कर अपने पक्ष में वोट मांग रहे हैं। श्री रावत का आज केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के 19 स्थानों पर जन संपर्क करने का कार्यक्रम है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कल विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क और नुक्कड़ सभा कर कांग्रेस के पक्ष में जनता से समर्थन मांगा।

<u>आयुष्मान वय वंदना कार्ड</u>

आयुष्मान वय वंदना कार्ड के शुरू होने के तीन सप्ताह के अंदर 10 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने इसके लिए नामांकन कराया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि इनमें से लगभग 4 लाख नामांकन महिलाओं द्वारा किए गए हैं। इस कार्ड के जारी होने के बाद से 9 करोड़ रुपये से अधिक के उपचारों को अधिकृत किया गया है।

<u>रोपवे निर्माण</u>

उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे परियोजना स्थल खरसाली में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। राज्य सरकार ने यमुनोधी धाम के लिए रोप –वे के निर्माण का जिम्मा पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मोड पर एक निजी कंपनी को सौंपा है। इस बहुप्रतीक्षित रोप–वे परियोजना की कुल लंबाई तीन दशमलव नौ किलोमीटर होगी और इसकी क्षमता प्रति एक घंटे में एक तरफ 580 लोगों को ले जाने की होगी। लगभग 170 करोड़ की लागत की इस रोप–वे परियोजना मे खरसाली से यमुनोत्री धाम के बीच कुल 10 टावर बनाए जाएंगे। इस परियोजना का सबसे निचला टर्मिनल खरसाली में बनाया जाएगा औस सबसे उपरी टर्मिनल यमुनोत्री धाम में पुलिस चौकी के निकट बनेगा। यह रोप–वे छः मीटर प्रति सेकेण्ड की गति से संचालित करने के लिए डिजायन किया गया है और इसके खरसाली स्थित निचले टर्मिनल से यमुनोत्री धाम के उपरी टर्मिनल तक 15 मिनट के भीतर पहुंचा जा सकेगा।

इस टर्मिनल पर 250 कारों, 30 दुपहिया वाहनों और 40 ट्रेवलर वैन की क्षमता की पार्किंग का निर्माण भी किया जाएगा।

चीनी मिल पेराई सत्र, सितारगंज

उधमसिंह नगर जिले की सितारगंज चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू हो गया है। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने इसका शुभारम्भ करते हुए कहा कि सितारगंज चीनी मिल पूर्व में किन्ही कारणों से बन्द हो गई थी और उसी स्थान पर नयी चीनी मिल स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि यह चीनी मिल हर दिन लगभग 6 हजार टन गन्ने की पेराई करेगी जबकि पिछली चीनी मिल की क्षमता ढाई हजार टन प्रतिदिन पेराई की थी। उन्होंने कहा कि इस आधुनिक चीनी मिल में एथनोल प्लांट भी काम करेगा और यहां 22 मेगावाट बिजली का भी उत्पादन होगा।

स्थानीय किसानों ने भी सितारगंज चीनी मिल के शुरू होने से खुशी व्यक्त की है। उन्हें उम्मीद है कि चीनी मिल की मरम्मत के बाद अब गन्ना किसानों की समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।

बदरीनाथ कपाट

इस वर्ष की चार धाम यात्रा का आज अंतिम दिन है। आज रात 9 बजकर 7 मिनट पर चमोली स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल में श्रद्धालुओं के लिए बंद किये जाएंगे। इसके लिए बद्रीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ने बदरीनाथ मंदिर को कई क्विंटल गेंदे के फूलों से सजाया है। कपाट बंद होने की प्रक्रिया 13 नवंबर को पंच पूजाओं के साथ शुरू हो गई थी। कल लक्ष्मी जी को कढ़ाई भोग चढ़ाया गया। आज ब्रह्म मुहूर्त से विभिन्न पूजांए शुरू हो गई हैं, जो शाम तक जारी रहेंगी।

कपाट बंद होने के अवसर पर बड़ी संख्या में देश–विदेश से श्रद्धालु बदरीनाथ पहुंच रहे हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक 14 लाख 25 हजार से अधिक श्रद्धालु भगवान बद्री विशाल के दर्शन कर चुके हैं।

वृक्ष ट्रांसलोकेट

नैनीताल जिले के हल्द्वानी शहर में चौराहे और सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे विशालकाय पेड़ों को ट्रांसलोकेट करने का कार्य शुरू हो गया है। सिटी मजिस्ट्रेट ए.पी. वाजपेयी की निगरानी में हल्द्वानी शहर की सड़कों के किनारे पीपल सहित अन्य विशालकाय वृक्षों को पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर दूसरे स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पेड़ों को रात के समय में ही ट्रांसलोकेट करने का काम किया जा रहा है। पहले चरण में अब तक 10 वृक्षों को शिफ्ट किया जा चुका है।

चालान

हरिद्वार जिले की थाना श्यामपुर पुलिस ने शराब पीकर लोकशांति भंग करने वाले 35 लोगों का चालान किया है। इस दौरान कुल 17 हजार 500 रुपये वसूले। गौरतलब है कि जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने जिला पुलिस को सड़क किनारे व सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीकर लोकशांति भंग करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।